# कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़

प्रसार शिक्षा निदेशालय (कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)

राष्ट्रीय राजमार्ग–52, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने, झालावाड़–326001 (राज.)

भाकृअनुप ICAR

डॉ. संतोष झाझड़िया (वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष)

Email : kvkjhalawar@aukota.org 07432 – 294404 (O)

Website : http://jhalawar.kvk2.in 9462000090 (Mob.)


एफ.24 ( )/केवीके/झाला./निविदा/2026–27/23-26 दिनाँक : 10.04.2026

## खुली निविदा सूचना

कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ पर वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए निम्न कार्य हेतु स्थानीय प्रतिष्ठित/पंजीकृत फर्मों से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत (रु.) | निविदा फॉर्म शुल्क (रु.) |
|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्र द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कृषक गोष्ठियों, प्रदर्शनियों एवं अन्य प्रसार गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों/प्रतिभागियों के लिए जलपान एवं भोजन व्यवस्था | ₹4.98 लाख | ₹500.00 |

निविदा प्रपत्र कृषि विज्ञान केन्द्र पर कार्यालय समय में दिनाँक 10.04.2026 से उपरोक्त निर्धारित शुल्क पर डी.डी./नेफ्ट (NEFT)/चैक/यूपीआई (UPI) द्वारा हस्तान्तरण कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.04.2026 को प्रातः 11:30 बजे तक जमा करवाया जा सकता है। निविदाएं दिनाँक 24.04.2026 को दोपहर 02:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना, निविदा की शर्तें व अन्य विवरण राजस्थान सरकार के राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in या विभागीय वेबसाइट http://aukota.org या केन्द्र की वेबसाइट http://jhalawar.kvk2.in पर देखी जा सकती है।

(संतोष झाझड़िया)
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़

**प्रतिलिपि :**

1. श्रीमान् निदेशक, प्रसार शिक्षा निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
2. श्रीमान् नॉडल अधिकारी, वेबसाइट कृषि विश्वविद्यालय, कोटा को भेजकर निवेदन है लेख है कि निविदा सूचना को विभागीय वेबसाइट http://aukota.org पर अपलोड करने का श्रम करें।
3. नोटिस बोर्ड, कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़।
4. रक्षित पत्रावली।

(संतोष झाझड़िया)
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़

# कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़

## प्रसार शिक्षा निदेशालय (कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)

### केन्द्र पर वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए जलपान एवं भोजन व्यवस्था हेतु खुली निविदा

| | |
|---|---|
| **निविदा प्रपत्र शुल्क** | : ₹500/– |
| **निविदा की अनुमानित लागत** | : ₹4.98 लाख |
| **धरोहर राशि** | : 2% (₹9960/–) |
| **परिशिष्ट संख्या 1 (तकनीकी निविदा प्रपत्र)** | : निविदा की नियम व शर्तें एवं सहमति पत्र |
| **परिशिष्ट संख्या 2 (वित्तीय निविदा प्रपत्र)** | : दर विवरण |
| **निविदा बेचने की अवधि एवं समय** | : 10.04.2026 से 24.04.2026 (प्रातः 11:00 से सांय 5:00 बजे) |
| **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** | : 24.04.2026 (प्रातः 11:30 बजे तक) |
| **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** | : 24.04.2026 (दोपहर 2:00 बजे) |
| **निविदा खोलने का स्थान** | : कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ |
| **पत्राचार हेतु पता** | : वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ |

नोट : धरोहर राशि केवल डी.डी./नेफ्ट/चैक/यूपीआई द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

---

धरोहर राशि रु. .......................................... डी.डी./नेफ्ट/चैक/यूपीआई यूटीआर संख्या ......................................

.. दिनाँक .................................. के द्वारा जमा करवा दी गई है।

**हस्ताक्षर निविदादाता एजेन्सी**

**नाम** ..........................................

**पता** ..........................................

**दूरभाष** ....................................

Dr. Santosh Jhajharia
Senior Scientist & Head
KVK, Jhalawar

# तकनीकी निविदा प्रपत्र

## जलपान एवं भोजन व्यवस्थार्थ दर संविदा हेतु निविदा नियम एवं शर्तें

| | |
|---|---|
| 1 | निविदादाता को 2% धरोहर राशि ₹9960/– कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ पर डी.डी./नेफ्ट/चैक/यूपीआई (UPI) द्वारा जमा करानी होगी। बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नहीं होगी। असफल निविदादाताओं को धरोहर राशि निविदा के पूर्ण हो जाने पर लेखा नियमानुसार लौटा दी जायेगी। सफल निविदादाता स्वीकृत कार्य आदेश करने से इंकार करते हैं या वह अपने प्रस्ताव से पीछे हटते है तो उनकी धरोहर राशि जब्त (Forfeit) कर ली जायेगी। |
| 2 | अनुमोदित निविदादाता को कार्य आदेश जारी किये जाने से पूर्व निविदा स्वीकृति के 07 दिवस में ₹100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध निष्पादित कराना होगा व 3% अमानत राशि ₹14940/– कार्यालय में जमा करवानी होगी। |
| 3 | केन्द्र में जमा धरोहर राशि व अमानत राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा। सफल निविदादाता के संदर्भ में धरोहर राशि ₹9960/– को अमानत राशि ₹14940/– में समायोजित कर दिया जायेगा। |
| 4 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म का भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) का वैद्य अनुज्ञापत्र होना चाहिए (प्रतिलिपी संलग्न करें) एवं उसके पास वांछित दस्तावेज यथा पेन व जी.एस.टी. नम्बर, दोनो आवश्यक रूप से संलग्न होना चाहिए (प्रतिलिपी संलग्न करें)। |
| 5 | कार्य अनुभव कम से कम 3 वर्ष का प्रमाण पत्र। |
| 6 | निविदा आवेदन पत्र में किसी फर्म द्वारा अलग से दी गई शर्तें व अलग से दिये गए दस्तावेज मान्य नहीं होंगे। |
| 7 | निविदादाताओं के द्वारा निविदा व सहित जमा दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर पूर्ण हस्ताक्षर के साथ क्रम वार पृष्ठ संख्या अंकित किये होने चाहिए। |
| 8 | भोजन पकाते समय कुँए या ट्यूबवेल का जल व बिजली आपूर्ति केन्द्र द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी जिसके लिये कार्यक्रम के दौरान निविदा फर्म को प्रतिदिन 100/– रुपये की दर से राशि केन्द्र पर जमा करानी होगी। |
| 9 | **निविदादाताओं को रसोई गृह, भोजनशाला व सम्बन्धित क्षेत्र/वस्तु/सामग्री को सुव्यवस्थित, साफ व स्वच्छ स्थिति में रखना होगा एवं इसकी साफ–सफाई संबंधी खर्चा सफल निविदादाता द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।** |
| 10 | भोजन व अन्य खाद्य पदार्थों को केन्द्र की भोजनशाला में ही तैयार करना होगा। |
| 11 | भोजन पकाने हेतु शुद्ध देशी घी, खाने योग्य रिफाइण्ड तेल, शुद्ध मूंगफली का तेल/अन्य/कच्चा सामान दूध इत्यादि एगमार्क ब्राण्ड/ उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए। इस उद्देश्य हेतु गठित समिति को यह अधिकार होगा कि वे कच्चे सामान की गुणवत्ता का समय–समय पर निरीक्षण करेंगे व सामान असंतोषजनक/अमानक पाये जाने पर उस सामान को निरस्त कर सकेंगे। निरस्त सामान को समिति के सामने नष्ट करना होगा। इस हेतु कोई मुआवजा नहीं दिया जायेगा। |
| 12 | व्यक्ति/पार्टी जिसके नाम से निविदा खुली है उसे ही भोजनशाला चलानी होगी, निविदादाता किसी अन्य को इसे अनुबंध पर हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा। |
| 13 | यदि भोजन की गुणवत्ता सम्बन्धी कोई भी शिकायत प्राप्त होती है, तो निविदादाता को चेतावनी देकर भोजन की गुणवत्ता अगले 24 घंटे में सुधारनें के लिये पाबंद किया जायेगा। इसके उपरान्त यदि भोजन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो 10 दिन का नोटिस देकर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ इस निविदा ठेके को निरस्त कर सकेंगे। |
| 14 | भोजनशाला में किसी भी प्रकार की अवांछनीय/प्रतिबंधित गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। |
| 15 | निविदादाता को राजकीय अवकाश के दिन भी आवश्यक होने पर आदेशानुसार जलपान या भोजन व्यवस्था करनी होगी। |

Dr. Santosh Jhajharia
Senior Scientist & Head
KVK, Jhalawar

हस्ताक्षर निविदादाता एजेन्सी
नाम ..........................................
पता ..........................................
दूरभाष ......................................

| | |
|---|---|
| 16 | **निविदादाता भोजन पकाने व परोसने हेतु आवश्यक संख्या में कर्मचारी नियुक्त करेगा तथा उनको शिष्टता का अनुसरण करना होगा साथ ही यदि बुफे (खड़े खाने में) जहाँ आवश्यक हो तो केटरिंग की व्यवस्था भी करनी होगी जिसका अलग से कोई भुगतान देय नहीं होगा। भोजन खिलाते समय परोसने, जल, बर्तन आदि की व्यवस्था भी निविदादाता की होगी एवं परोसने वाले व्यक्ति बाल श्रमिक नहीं होने चाहिए।** |
| 17 | निविदादाता द्वारा वांछित पूर्ण जानकारी न दिये जाने पर निविदा को निरस्त किया जा सकता है या प्रपत्र में दिये गये विवरण व दिनांक पूर्णरुप से न भरे जाने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी। |
| 18 | निविदा व निविदा से संबंधी संलग्न दस्तावेजों पर हस्ताक्षरकर्ता यह स्पष्ट करें कि वह (स्त्री/पुरुष) व्यक्तिशः स्वामित्व या फर्म के भागीदार या संबंध प्रतिनिधि के रुप में प्रतिनिधित्व कर रहा है। |
| 19 | अनुबंध के किसी भी संबंध में कोई भी मतभेद होने पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ द्वारा लिया निर्णय ही अंतिम माना जायेगा। |
| 20 | वह व्यक्ति जो निविदा व संबंधित प्रपत्रों पर किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में हस्ताक्षर करता है तो उसे अधिकार पत्र संलग्न करना होगा। |
| 21 | सफल निविदादाता द्वारा अनुबंध की शर्तों एवं नियमों का पालन नहीं करने पर निविदा निरस्तिकरण के साथ ही अमानत राशि भी जब्त (Forfeit) कर ली जायेगी। |
| 22 | निविदा की स्वीकृति की तिथि के पश्चात सफल निविदादाता 31 मार्च, 2027 या आवश्यकतानुसार समयावधि में वृद्धि/ह्रास तक के लिए इन्हीं दरों पर कार्य करने हेतु पाबंद रहेगा। |
| 23 | निविदा प्रपत्र के अनुसार निविदादाता को संलग्न मैन्यू के अनुसार अनुमोदित दर पर भोजन/नाश्ता की आपूर्ति करनी होगी। |
| 24 | **निविदादाता द्वारा दरें प्रति नाश्ता एवं भोजन प्रति डाईट (एक समय) रुपये में देवें।** |
| 25 | नाश्ता पेपर अच्छी गुणवत्ता वाली प्लेट में, भोजन गुणवत्ता वाली पत्तल दोने में या आवश्यकतानुसार बुफे (खड़े खाने) की केटरिंग की व्यवस्था भी करनी होगी। |
| 26 | अनुबंध के सफलतापूर्वक समाप्ति के पश्चात् ही लेखा नियमानुसार अमानत राशि लौटाई जायेगी। |
| 27 | किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्याय न्यायक्षेत्र, झालावाड़ न्यायालय में होगा। |
| 28 | वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष को यह अधिकार होगा की वह किसी भी या सभी निविदाओं को बिना किसी कारण बतायें निरस्त कर सकते हैं। |
| 29 | महिला प्रशिक्षणार्थियों के साथ आने वाले छोटे बच्चों को भी निर्धारित मैन्यु अनुसार ही नाश्ता/भोजन देना होगा जिसका कोई अलग चार्ज नहीं होगा। |
| 30 | प्रति प्रशिक्षण/मीटिंग/कार्यक्रम/गतिविधि में न्यूनतम 10 तथा अधिकतम आवश्यकतानुसार प्रशिक्षणार्थी/प्रतिभागी तथा अन्य प्रसार गतिविधियों में आवश्यकतानुसार सैंकड़ों/हजारों में प्रतिभागी हो सकते है। प्रशिक्षणार्थियों/प्रतिभागी के रात्रि विश्राम पर भोजन की व्यवस्था रात्रि को रूके हुए व्यक्तियों की संख्या के अनुसार करनी होगी। वांछित संख्या कम होने पर प्रशिक्षण/प्रसार गतिविधि निरस्त करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के पास सुरक्षित रहेगा तथा निविदादाता किसी भी प्रकार के हर्जाने की माँग नहीं कर सकेगा। |
| 31 | प्रशिक्षण/कार्यक्रम/गतिविधि में व्याख्यान हेतु पधारे अतिथि व्याख्याता को भी नाश्ता/भोजन कराना होगा जिसका कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं होगा। |
| 32 | प्रत्येक व्यक्ति/प्रशिक्षणार्थी/प्रतिभागी को भोजन भरपेट खिलाना होगा। |
| 33 | **निविदादाता फर्म के पास अधिकृत फूड लाइसेंस होना अनिवार्य है। (प्रतिलिपि संलग्न करें)** |
| 34 | प्रशिक्षण या अन्य गतिविधियों के शुरूआत पूर्व दिए गए कार्यालय के आदेशानुसार मैन्यू के अनुसार नाश्ता व भोजन प्रतिभागियों को उपलब्ध करवाना होगा। |

Dr. Santosh Jhajharia
Senior Scientist & Head
KVK, Jhalawar

**हस्ताक्षर निविदादाता एजेन्सी**
**नाम** ..................................
**पता** ..................................
**दूरभाष** ..............................

| | |
|---|---|
| 35 | आवश्यकतानुसार निविदादाता पैक्ड (डिब्बाबंद) भोजन भी झालावाड़ जिले में बताए गए स्थान, समय व तिथि पर उपलब्ध कराने हेतु पाबंद रहेगा। जिसका कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं होगा। सफल निविदादाता द्वारा केन्द्र की भोजनशाला में केवल केन्द्र की गतिविधियों हेतु ही भोजन बनाने की अनुमति होगी। किसी अन्य/बाहरी फर्म/संस्थानों हेतु अधोहस्ताक्षकर्त्ता द्वारा यदि अनुमति दी जाती है तो ही विश्वविद्यालय नियमानुसार इसका उपयोग किया जा सकेगा। |
| 36 | निविदादाता द्वारा माँगे गये सभी नाश्ता/भोजन मैन्यु की दर वांछित कॉलम में देनी होगी। अपूर्ण एवं अस्पष्ट दरों को निकालने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को रहेगा। |
| 37 | निविदादाता द्वारा दो अलग–अलग लिफाफों में 1–तकनीकी निविदा (परिशिष्ट 1) एवं 2–वित्तीय निविदा (परिशिष्ट 2) लिखकर पूर्ण रूप से भरकर उसे इनको एक बड़े लिफाफे में डालकर उस पर पूर्ण रूप से स्पष्ट विवरण सहित नियत तिथि एवं समय पूर्व कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करना होगा। |
| 38 | दिए गए बड़े लिफाफे को खोलकर सर्वप्रथम तकनीकी निविदा वाला लिफाफा (परिशिष्ट 1) खोलकर पूर्ण रूप से सही पाये जाने पर ही सम्बन्धित निविदादाता फर्म की वित्तीय निविदा वाले लिफाफे (परिशिष्ट 2) को सक्षम कमेटी द्वारा अग्रिम कार्यवाही हेतु विचार किया जावेगा। |
| 39 | अपूर्ण एवं अस्पष्ट तकनीकी निविदा (Technical Bid) को अस्वीकार कर उनकी वित्तीय निविदा (Financial Bid) कमेटी द्वारा नहीं खोली जावेगी। |
| 40 | निविदादाता के कार्य करने में असफल होने पर उसकी रिस्क एण्ड कोस्ट पर अन्य से कार्य करवाने पर इसकी क्षतिपूर्ति निविदादाता से की जावेगी तथा विलम्ब से कार्य करने पर शास्ति की कटौती **GF & AR, TTPPA 2012** एवं **RTPPR 2013** के प्रावधान अनुसार की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी ठेकेदार/फर्म की रहेगी। |
| 41 | समय पर कार्य सम्पादन व सामग्री की उपलब्धता के मध्य नजर ठेकेदार/फर्म का स्थानीय होना आवश्यक है। |
| 42 | कार्य का विभाजन नहीं किया जाएगा। अलग–अलग कार्यों के लिए पृथक–पृथक निविदादाता/फर्म की न्यूनतम दर प्राप्त होने पर न्यूनतम दर का निर्धारण /आंकलन प्राप्त दरों के औसत के आधार से किया जाएगा। |
| 43 | ठेकेदार/फर्म द्वारा नियोजित श्रमिकों को ESI एवं PF वर्कमेन कम्पनसेशन एक्ट प्रावधान एवं अन्य टैक्स यथा GST आदि देय होने पर समस्त उत्तरदायित्व ठेकेदार/फर्म का होगा। ESI एव PF निरीक्षक द्वारा चाहे गए अनुसार समय–समय पर रिकार्ड जांच हेतु प्रस्तुत करना होगा। आकस्मिक दुर्घटना की दशा/लापरवाही से कार्य करने या कराने की स्थिति में सभी जिम्मेदारियां ठेकेदार/श्रमिक की होगी। |
| 44 | आयकर कटौती मान्य दरों से संस्था प्रधान द्वारा ठेकेदार/फर्म के बिलों के भुगतान में से काट ली जावेगी। |

Dr. Santosh Jhajharia
Senior Scientist & Head
KVK, Jhalawar

**हस्ताक्षर निविदादाता एजेन्सी**

**नाम** ..........................................

**पता** ..........................................

**दूरभाष** ....................................

# ठेका प्रपत्र
# वित्त निविदा

**निविदा संख्या एफ.24 ( )/केवीके/झाला./निविदा/2026–27/** **दिनांक : 10/04/2026**

सेवा में,

श्रीमान् वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष,
कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़।

द्वारा–

निविदादाता का पूरा नाम.........................................................................................................

आवासीय पता.......................................................................................................................

दूरभाष नम्बर.......................................................................................................................

मोबाइल नम्बर.....................................................................................................................

श्रीमान्,

मैं/हम कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ की जलपान एवं भोजन व्यवस्था अनुबंध से संबंधित सभी सामान्य सूचनाएँ, अन्य नियम व शर्ते पढ़ चुका हूँ/चुके है एवं मैं/हम अपनी सेवाएँ संलग्न सूची व निविदा शर्तो के अनुसार अपनी सहमति प्रदान करता हूँ/करते हैं।

मैं/हम अनुबंध करने के नियम व शर्तो को समझ चुका हूँ/चुके हैं व मैं/हम आपकी जरुरत के अनुरुप उत्तम सेवाएँ दूंगा/देंगे।

इस निविदा के संबंध में निम्न पत्र पृष्ठ संख्या ....................................से...................................तक संलग्न किये जा रहे है। इस निविदा हेतु मेरे/हमारे द्वारा संलग्न किये गये सभी प्रपत्रों पर हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर अंकित है।

मैं/हम भोजन व्यवस्था (भोजन पकाने एवं परोसने की सेवा, बर्तनों एवं अन्य सुविधाएँ) प्रदान करने के लिए सहमत है, उसके लिये मैं/हम 2% धरोहर राशि तथा 3% अमानत राशि के रुप में (एक वर्ष के लिये) ₹24900/–जमा कराने के लिये सहमत हूँ/हैं।

Dr. Santosh Jhajharia
Senior Scientist & Head
KVK, Jhalawar

**साक्षी का नाम व हस्ताक्षर सहित**
**पता**

**निविदादाता के हस्ताक्षर व मोहर दिनांक**

**पता (सभी तरह से पूर्ण)**

परिशिष्ट संख्या–2

# वित्तीय निविदा

## प्रशिक्षण/प्रसार कार्यक्रमों में दिये जाने वाले नाश्ता एवं भोजन का मैन्यु एवं दर

| नाश्ता, अल्पाहार एवं भोजन मैन्यु विवरण | दर प्रति व्यक्ति (₹) | |
|---|---|---|
| | खुला | पैक्ड |
| (अ) नाश्ता /अल्पाहार | | |
| (1) चाय फुल (100 मि.ली.) | | |
| (2) कॉफी फुल (150 मि.ली.) | | |
| (3) पोहा एक प्लेट/ब्रेड पकोड़ा/आलू बड़ा/खमण (100 ग्राम) | | |
| (4) दूध (200 मि.ली.)/कॉफी फुल (150 मि.ली.)/चाय फुल (100 मि.ली.) + 4 बिस्किट | | |
| (5) समोसा–1/कचौरी–1/पेटीस–1/पोहा फुल प्लेट/आलू बड़ा + चाय फुल (150 मि.ली.) | | |
| (6) ब्रेड पकोड़ा –1/खमण (100 ग्राम) + चाय फुल (150 मि.ली.) | | |
| (7) इमरती–100 ग्राम (देशी घी)/जलेबी 100 ग्राम (देशी घी) + समोसा–1/कचौरी–1/पेटीस–1/पोहा फुल प्लेट/आलू बड़ा + चाय फुल (150 मि.ली.) | | |
| (8) फल (मौसम के अनुसार)–1 + बिस्किट–4 + नमकीन (50 ग्राम) | | |
| (9) आइसक्रीम कप (50 ग्राम) | | |
| (10) आइसक्रीम कप (फैमिली पैक) | | |

Dr. Santosh Jhajharia
Senior Scientist & Head
KVK, Jhalawar

हस्ताक्षर निविदादाता एजेन्सी

नाम ..........................................

पता ..........................................

दूरभाष ......................................

| नाश्ता, अल्पाहार एवं भोजन मैन्यु विवरण | दर प्रति व्यक्ति (₹) | |
|---|---|---|
| | खुला | पैक्ड |
| (ब) भोजन | | |
| (1) पुड़ी/चपाती चुपड़ी + सब्जी + अचार | | |
| (2) पुड़ी/चपाती चुपड़ी + खीर (भरपेट) + सब्जी – 2 + सलाद + अचार + पापड़ | | |
| (3) पुड़ी/चपाती चुपड़ी + सब्जी + दाल + नमकीन (50 ग्राम) + अचार + सलाद + मिठाई एक पीस | | |
| (4) पुड़ी/चपाती चुपड़ी + सब्जी + दाल + अचार + सलाद + चावल+ नमकीन + मिठाई एक पीस + रायता साधारण | | |
| (5) पुड़ी/चपाती चुपड़ी + चावल/पुलाव + अचार + सब्जी + दाल + रायता बूँदी + सलाद + मिठाई एक पीस + पापड़ | | |
| (6) पुड़ी/चपाती चुपड़ी + चावल/पुलाव + अचार (मिक्स) + मिठाई – (गुलाबजामुन/श्रीखंड/रसगुल्ला/बर्फी/खीर) प्रत्येक 80 ग्राम/खीर (भरपेट) के अतिरिक्त + दाल–(उड़द/मूंग/मसूर/चना/तूअर/मिक्स) + सब्जी – कोई दो (पालक पनीर/मटर पनीर/कढ़ाई पनीर/मिक्स मौसम के अनुसार यथा लोकी/तुरई/ककड़ी/टमाटर/प्याज/काचरी/ग्वारफली/मटर/फूल गोभी/पत्ता गोभी/गाजर/भिन्ड़ी, अन्य) + रायता (बूंदी रायता/ककड़ी रायता/लोकी रायता/मीठा रायता) + सलाद + पापड़ + नमकीन (50 ग्राम) | | |
| (7) दाल–(उड़द/मूंग/मसूर/चना/तूअर/मिक्स) + बाटी/बाफला + लड्डू/चूरमा (देशी घी)/मिठाई – (गुलाबजामुन/श्रीखंड/रसगुल्ला/बर्फी/खीर + बेसन गट्टा + चावल पुलाव + सलाद + रायता (बूंदी रायता/ककड़ी रायता/लोकी रायता/मीठा रायता/छाछ) + पापड़ + चटनी (लहसुन) | | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र मैं अपने खुले दिमाग व होश–हवाश से दरें भर कर दे रहा हूँ। निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तें एवं नियम मुझे मन्जूर हैं तथा मैन्यु के अनुसार नाश्ता व भोजन देने के लिए मैं पाबन्द रहूंगा।

Dr. Santosh Jhajharia
Senior Scientist & Head
KVK, Jhalawar

हस्ताक्षर निविदादाता एजेन्सी

नाम ..........................................

पता ..........................................

दूरभाष ....................................